झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

12 Oct 2023

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK | JSSC | DEFENCE - ARMY | CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 12 अक्टूबर का इतिहास

- **1901 :** अमरीकी राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट ने राष्ट्रपति भवन का नाम एक्जीक्यूटिव मेनसन से बदल कर व्हाइट हाउस कर दिया था।
- **2004 :** पाकिस्तान ने गौरी-1 मिसाइल का परीक्षण किया।
- **1964 :** विश्व में पहली बार सोवियत संघ ने बिना स्पेस सूट पहनाए अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा था।
- **1967 :** भारतीय स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राममनोहर लोहिया का निधन हुआ।

## 12 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स


- इजरायल में हमास के आतंकियों की तरफ से शुरू हुई जंग अब विनाशकारी होती नजर आ रही है। इजरायल ने अपने नागरिकों को तुरंत मिश्र छोड़ने का आदेश दिया है। इजरायली सेना चुन-चुन कर हमास आतंकियों को मार रही हैं। अब अमेरिका इजरायल के लिए युद्धपोत और लड़ाकू विमानों की तैनाती करेगा। अमेरिकी सेना समर्थन दिखाने के लिए अमेरिकी नौसेना के जहाजों और अमेरिकी सैन्य विमानों को इजरायल के करीब ले जाने की योजना बना रही हैं।
- ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ओपनर डेविड वॉर्नर ने भारत के खिलाफ वर्ल्ड कप 2023 के पांचवें मैच में एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। डेविड वॉर्नर ने वर्ल्ड कप में खेलते हुए केवल 19 पारियों में 1,000 रन का आंकड़ा पार किया। इस तरह वॉर्नर वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे तेज 1,000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वॉर्नर ने इस दौरान भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डीविलियर्स जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ा।
- हिंदू धर्म के भक्तों और कला और संस्कृति के प्रेमियों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण में न्यू जर्सी के रॉबिन्सविले टाउनशिप में स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर का उद्घाटन इसके आध्यात्मिक प्रमुख महंत स्वामी महाराज के मार्गदर्शन में किया गया। भारत के बाहर निर्मित यह दुनिया के सबसे बड़े हिंदू मंदिरों में एक हैं। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लगभग 90 किमी दक्षिण में या वाशिंगटन डीसी से लगभग 289 किमी दूर उत्तर में न्यू जर्सी के छोटे रॉबिन्सविले टाउनशिप में बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर को 12500 से अधिक की वॉलंटियर्स द्वारा बनाया गया है।
- भारत को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एशिया पैसिफिक इंस्टीट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट जनरल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा द्वारा घोषित यह उल्लेखनीय उपलब्धि एआईबीडी के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण है। यह निर्णय एशिया प्रशांत और वैश्विक क्षेत्र में प्रसारण संगठनों द्वारा भारत को दिए गए अपार आत्मविश्वास को दर्शाता है।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद शहरी सहकारी बैंकों से जुड़ा बड़ा एलान किया हैं। शहरी सहकारी बैंकों के लिए बुलेट पुनर्भगतान योजना के तहत सोने के बदले कर्ज की सीमा को दोगुना कर चार लाख रूपये कर दिया गया हैं। यह सीमा उन शहरी सहकारी बैंकों के लिए बढ़ाई गई है, जिन्होंने प्राथमिक क्षेत्र को कर्ज के तहत सभी लक्ष्यों को 31 मार्च 2023 तक पूरा किया है।
- उड़ान संचालन के दौरान कई तकनीकी समस्याओं का सामना करने के बाद एयर इंडिया ने 1,000,000 से अधिक इंजीनियरिंग स्पेयर के भंडारण की सुविधा के लिए दिल्ली में एक गोदाम सुविधा शुरू की हैं। एयरलाइन अधिकारियों के अनुसार दिल्ली हवाई अड्डे एयर कार्गो लॉजिटिक्स डिवीजन के कार्गो कॉम्प्लेक्स में टर्मिनल 3 के नजदीक स्थित 54,000 वर्ग फुट में फैला केंद्रीकृत गोदाम, दिल्ली से संचालित होने वाली एयरलाइन की उड़ानों के त्वरित बदलाव में सुधार करेगा।
- वैज्ञानिकों ने दक्षिण अफ्रीका के सुरम्य केप दक्षिणी तट पर दुनिया के पहले सांप के निशान वाले जीवाश्म की खोज की हैं। यह प्राचीन निशान 90,000 वर्ष पहले प्लेइस्टोसिन युग से संबंधित हैं। यह खोज इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सांपों के विकास और उनकी गतिविधि के पैटर्न पर नई रोशनी डालती है।
- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 395 मीटर लंबी मारोग सुरंग के साथ 250 मीटर लंबे पुल का निर्माण पूरा हो गया हैं। यहां मारोग को बाईपास करने वाले व इस पुल को यातायात के लिए खोल दिया गया हैं। यह अवसंरचना एनएच-44 के रामबन से बनिहाल खंड पर स्थित है।
- भारत और ईरान चाबहार बंदरगाह पर परिचालन के लिये 10 वर्ष के समझौते को अंतिम रूप देने में एक महत्वपूर्ण प्रगति की दिशा में अग्रसर हैं, जिसके तहत प्रमुख समस्याओं का समाधान किया जा रहा हैं। इसके अतिरिक्त दोनो देश ईरान के क्षय हो रहे मुद्रा भंडार जिससे विशेषकर फार्मास्यूटिकल अनाज और चाय जैसी वस्तुओं के व्यापार में बाधा उत्पन्न हुई है, के मुद्दे के समाधान पर विचार कर रहे है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व अर्थराइटिस दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 10 अक्टूबर (B) 12 अक्टूबर
(C) 14 अक्टूबर (D) 15 अक्टूबर


**(B)** विश्व अर्थराइटिस दिवस हर साल 12 अक्टूबर को मनाया जाता हैं। अर्थराइटिस के मरीजों को जोड़ो में दर्द और सूजन की शिकायत रहती हैं। वैसे यह बीमारी ज्यादा बुर्जुर्गो में देखी जाती हैं। हालांकि गलत खान पान और बदलती लाइफस्टाइल के कारण युवा भी इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं।




**2. हाल ही में किसने गगनयान मिशन के लिए मानवरहित उड़ान परीक्षण की तैयारी शुरू की है ?**

(A) NASA (B) ISRO
(C) JAXA (D) DRDO

**(B)** चंद्रयान-3 और आदित्य एल1 की सफलता के बाद भारत अब अंतरिक्ष में मानव भेजने के अपने मिशन को साकार करने में जुट गया है। इस गगनयान मिशन के बारे में चंद्रयान-3 के परियोजना निदेशक पी वीरामुथुवेल ने बताया कि इसका रोडमैप बना लिया गया हैं। इसे जल्द ही भेजा जाएगा।



**3. हाल ही में किस बैंक ने ग्राहक उन्मुख डिजिटल बैंकिंग एप INDIE लांच किया है?**

(A) इंडियन बैंक (B) एक्सिस बैंक
(C) HDFC बैंक (D) इंडसइंड बैंक

**(D)** इंडसइंड बैंक ने आईएनडीआईई नाम से एक हाइपर पर्सनलाइज्ड वितीय सुपर ऐप पेश किया। कंपनी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग के माध्यम से इसकी घोषणा की। आईएनडीआईई इंडसइंड बैंक का एक नया मोबाइल बैंकिंग ऐप है जो उन ग्राहकों को पूरी तरह से अलग अनुभव प्रदान करता है जो डिजिटल रूप से समझदार हैं और एक उत्कृष्ट डिजिटल अनुभव की तलाश में हैं।




**4. हाल ही में भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एशियाई खेल में कितने साल बाद स्वर्ण पदक जीते है ?**

(A) 5 (B) 7
(C) 9 (D) 10

**(C)** हाल ही में भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एशियाई खेल में 9 साल बाद स्वर्ण पदक जीते हैं। बैंडमिंटन में पुरूषों के डबल्स में सात्विक और चिराग ने भी इतिहास रच दिया। ये दोनों खेलों के इतिहास में डबल्स के फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली जोड़ी बन गई हैं।




**5. हाल ही में संपन्न एशियन गेम्स में भारत ने कुल कितने पदक जीते हैं ?**

(A) 107 (B) 175
(C) 182 (D) 187

**(A)** एशियान गेम्स खेलने गए भारत के 653 प्लेयर्स ने 107 मेडल जीते। इनमें 28 गोल्ड, 38 सिल्वर और 41 ब्रॉन्ज शामिल रहे। 72 साल के एशियन गेम्स इतिहास में भारत का यह बेस्ट प्रदर्शन भी रहा। देश को 2018 के पिछले एशियाड में 70 मेडल मिल थे। इस बार खिलाड़ियों ने 37 और मेडल जीतकर अपना रिकॉर्ड बेहतर किया।



**6. हाल ही में किसने नेशनल शारीरिक दिव्यांग टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप में दूसरी बार खिताब जीता है ?**

(A) कर्नाटक (B) जम्मू कश्मीर

(C) मध्यप्रदेश (D) गोवा

**(B)** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में हुए राष्ट्रीय दिव्यांग टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में जम्मू कश्मीर की दिव्यांग क्रिकेट टीम ने मुंबई की दिव्यांग क्रिकेट टीम को 39 रन से मात देकर दूसरी बार राष्ट्रीय दिव्यांग टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब जीता। विजेता के रूप में कप्तान को मैन ऑफ द सीरीज चुना।




**7. हाल ही में किसे पेयू इंडिया के वैश्विक CEO के रूप में पदोन्नत किया गया है ?**

(A) अनिर्बान मुखर्जी (B) राकेश शर्मा

(C) रघु श्रीनिवासन (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** फिनटेक कंपनी पेयू इंडिया ने अपने टॉप मैनेजमेंट में बड़ा बदलाव किया हैं। कंपनी के अपने ग्लोबल चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के तौर पर पहले से ही कंपनी में कार्यरत अनिर्बान मुखर्जी को ये जिम्मेदारी सौंपी हैं। मुखर्जी पेयू इंडिया के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रहे हैं जो कि ग्लोबल सीईओ का पद संभालेंगे।



**8. हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने भारतीय हॉकी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 5-5 लाख रूपये देने की घोषणा की है ?**

(A) कर्नाटक (B) केरल

(C) ओडिशा (D) तेलंगाना

**(C)** हाल ही में एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ओडिशा राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने हर खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य को 5-5 लाख रूपये नकद पुरस्कार देने का ऐलान किया हैं। मुख्यमंत्री ने टीम के सदस्य अमित रोहिदास के लिए डेढ़ करोड़ रूपये की पुरस्कार राशि की घोषणा की है।



**9. हाल ही में भारत की सबसे बड़ी पम्प भंडारण परियोजना की आधारशिला कहां रखी गई है ?**

(A) हरियाणा (B) मध्यप्रदेश

(C) तमिलनाडु (D) राजस्थान

**(B)** हाल ही में भारत की सबसे बड़ी पम्प भंडारण परियोजना की आधारशिला मध्यप्रदेश में रखी गई है। ग्रीनको ग्रुप इस परियोजना का विकास कर रहा है। यह भारत की सबसे बड़ी ऊर्जा भंडारण कंपनी हैं। परियोजना का स्थान खेमला ब्लॉक, नीचम जिला, मध्यप्रदेश में है। इसकी क्षमता 1440 मेगावाट है, जिसमें 7.5 घंटे का भंडारण है।



**10. हाल ही में किसने ग्रैपलिंग कमेटी ऑफ राजस्थान का चेयरमैन नियुक्त किया गया है ?**

(A) विनोद स्वामी (B) संजीव सान्याल

(C) संजय पांडे (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** ग्रेपलिंग कमेटी ऑफ इंडिया ने राजस्थान राज्य में ग्रेपलिंग खेल को लोकप्रिय व विकसित करने के लिए जिला सिरसा से डॉ. विनोद स्वामी को ग्रेपलिंग कमेटी ऑफ राजस्थान चेयरमैन नियुक्त किया हैं। डॉ. स्वामी को यह सम्मान मिलने से जिला सिरसा का मान देशभर में बढ़ा है।

